# आकाशवाणी, गोरखपुर

## दिनांक–16 अक्टूबर 2024 सान्ध्य समाचार

केंद्र सरकार ने आज रबी की छह फसलों के वर्ष 2025–26 के लिए न्यूनतम समर्थन मूल्य में बढ़ोतरी की है। सरकार ने गेहूं का न्यूनतम समर्थन मूल्य यानी एमएसपी 150 रुपये प्रति क्विंटल बढ़ाकर 2,425 रुपये प्रति क्विंटल कर दिया है। रबी की 5 अन्य फसलों जौ, चना, मसूर, सरसों, कुसुम की एमएसपी में भी बढ़ोतरी की है। पहले गेहूं की एमएसपी 2,275 रुपये प्रति क्विंटल थी। जौ का न्यूनतम समर्थन मूल्य 130 रुपये बढ़ाकर 1,980 रुपये प्रति क्विंटल कर दिया गया है। चने की एमएसपी 210 रुपये बढ़ाकर 5,650 रुपये कर दी गई है। ऐसे ही मसूर की एमएसपी पहले 6425 रुपये प्रति क्विंटल थी। इसमें 275 रुपये का इजाफा कर दिया गया है। अब मसूर की नई एमएसपी 6700 रुपये प्रति क्विंटल है। सरसो–तिलहन की पुरानी एमएसपी 5,650 रुपये थी। सरकार ने इसमें 300 रुपये का इजाफा किया है। अब सरसो की नई एमएसपी 5,950 रुपये प्रति क्विंटल हो गई है। वहीं, कुसुम की एमएसपी में 140 रुपये की बढ़ोतरी की है। अब कुसुम की नई एमएसपी 5,940 रुपये निर्धारित कर दी गई है।

**********

प्रयागराज मेला प्राधिकरण और पुलिस विभाग ने मिलकर इस बार के महाकुंभ 2025 मेले में एक उच्च्च तकनीक से युक्त खोया–पाया पंजीकरण प्रणाली से तीर्थयात्रियों को सुरक्षित करेगा। इसके लिए प्रशासन की ओर से महाकुंभ 2025 में शामिल होने वाले तीर्थयात्रियों के लिए सरकार ने ऐसे डिजिटल खोया–पाया केंद्रों की स्थापना करेगा, जो खोए हुए व्यक्तियों को उनके परिजनों से मिलाने के लिए तकनीक का सहारा लेते हैं। इसमें हर खोए हुए व्यक्ति का पंजीकरण तुरंत किया जाएगा और उसकी जानकारी को अन्य केंद्रों और सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स जैसे फेसबुक और एक्स (पहले ट्वीटर) पर भी प्रसारित किया जाएगा। यह व्यवस्था महाकुंभ मेले को न केवल सुरक्षित बनाएगी, बल्कि परिवारों को जल्दी और आसानी से अपने प्रियजनों से जोड़ने का काम करेगी।

**********

प्रदेश के बहराइच जिले के हिंसा प्रभावित क्षेत्रों में हालात अब धीरे–धीरे सामान्य होने लगे हैं। शासन ने इस मामले में अपने स्तर से कार्रवाई तेज कर दी है। इसी कड़ी में महसी पुलिस क्षेत्राधिकारी रूपेंद्र गौड़ को हटा दिया गया है। उनकी जगह पर रामपुर के सीओ रवी खोखर को चार्ज सौंपा गया है। इससे पहले चौकी इंचार्ज महसी और एसओ हरदी को निलंबित किया गया था। महाराजगंज में बीते रविवार को देवी प्रतिमा विसर्जन के दौरान भड़की संप्रदायिक हिंसा के मामले में पुलिस अब उपद्रवियों को चिह्नित करने में जुटी हुई है। इस हिंसा से जुड़े अब तक 52 उपद्रवियों को जेल भेजा गया है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ स्वयं अधिकारियों से जिले की ताजा स्थिति की रिपोर्ट ले रहे हैं। पुलिस अराजक तत्वों पर शिकंजा कस रही है। वीडियो फुटेज के आधार पर उपद्रवी चिह्नित किये जा रहे हैं।

**********

शरद पूर्णिमा का पर्व आज श्रद्धा और उत्साह के माहौल में पूरे प्रदेश में मनाया जा रहा है। मथुरा के वृंदावन में आज शरद पूर्णिमा पर श्वेत वस्त्रों में बांके बिहारी ने भक्तों को दर्शन दिए। मंदिर के सेवाधिकारी शुभम गोस्वामी ने बताया कि शरद पूर्णिमा के दिन ठाकुरजी भक्तों को दर्शन देते हैं। उनको चंद्र कला और मेवाओं की खीर का भोग सेवित किया गया। उधर, फर्रुखाबाद में भक्तों ने मां गंगा में आस्था की डुबकी लगाई। श्रद्धालुओं की भीड़ को देखते हुए जिला प्रशासन ने भारी संख्या में पुलिस बल तैनात किया है।

**********

चुनाव आयोग के द्वारा एक दिन पूर्व प्रदेश की नौ विधान सभा सीटों पर मतदान की तिथि का एलान करने के बाद से आज मिल्कीपुर उपचुनाव को लेकर दायर याचिका को वापस लेने की कवायद शुरू हो गई है। भाजपा के पूर्व विधायक बाबा गोरखनाथ अपने अधिवक्ता के साथ आज हाई कोर्ट से याचिका को वापस लेने पहुंचे। इस याचिका के चलते चुनाव आयोग ने इस सीट पर चुनाव की तिथि की घोषणा नहीं की है। जबकि, प्रदेश की करहल, सीसामऊ, कटेहरी, कुंदरकी, खैर, गाज़ियाबाद. फूलपुर, मझवां और मीरापुर की नौ सीट पर मतदान 13 नवंबर को होगा।

**********

भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड की सीनियर महिला टी–20 प्रतियोगिता के ग्रुप डी के मुकाबले कल से लखनऊ के अटल बिहारी वाजपेयी इकाना स्टेडियम में खेले जाएंगे। प्रतियोगिता के अंतर्गत 28 अक्टूबर तक कुल 21 मुकाबले खेले जाएंगे। ग्रुप डी में रेलवे, सिक्किम, हिमाचल प्रदेश, हरियाणा, चंडीगढ़, केरल और त्रिपुरा की टीमें हैं। प्रतिदिन तीन मुकाबले खेले जाएंगे।

**********

कुशीनगर फोरलेन स्थित पकवाइनार में आज सुबह टहलने निकले तीन युवकों को एक अनियंत्रित स्कार्पियो वाहन ने रौंद दिया। हादसे में दो युवकों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि एक युवक ने इलाज के दौरान गोरखपुर मेडिकल कालेज में दम तोड़ दिया। पुलिस वाहन को कब्जे में लेकर आगे की कार्रवाई में जुट गयी है। उधर, फतेहपुर जनपद में भी आज सुबह हुई सड़क दुर्घटना में कन्नौज के तीन लोगों की मौत हो गई। पुलिस के अनुसार हादसे के शिकार युवक निजी कार से प्रयागराज जा रहे थे। अभी वो कल्याणपुर थाना क्षेत्र में ही पहुंचे थे कि हादसे का शिकार हो गए।

**********